## महत्वपूर्ण एवं खास

### बाईक से गिरकर लगी गंभीर चोट ईलाज दौरान मौत

रायगढ़। बाईक पर सफर के दौरान सिर का पल्लू संभालने की कोशिश में 25 साल की महिला गाड़ी से नीचे गिर पड़ी। सिर पर अधिक चोट लगने से बुधवार उसकी मौत हो गई।घटना कापू थाना क्षेत्र के जमरगा का बताया गया है।घटना के बारे में बताया गया कि कापू के पिंचपारा गांव में रहनेवाले संतोराम राठिया की पत्नी जीराबाई राठिया 25 साल बीते मंगलवार सुबह पड़ोसी नारायण राठिया के साथ उसकी बाईक पर जमरगा एटीएम से पैसे निकालने के लिए जा रही थी।इसी दौरान जमरगा से कुद दूरी पहले महिला द्वारा अपने सिर के पल्लू को ठीक करने की कोशिश की गई, जिसमें उसका संतुलन खराब हो गया और वह गाड़ी से नीचे गिर पड़ी. सिर में अधिक चोट लगने के बाद महिला को ईलाज के लिए पत्थलगांव अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### यातायात थाना रायगढ़ परिसर में रखे बिना वारिसान गाड़ियों को 3 दिन की भीतर सुसंगत दस्तावेज के साथ चालक/मालिक को वापस ले जाने का समय

रायगढ़। जिला/दीगर क्षेत्रांतर्गत निवासरत गणमान्य नागरिक, आमजन, वाहन चालक, वाहन मालिकों को इस विज्ञप्ति के माध्यम से सूचित किया जाता है कि वर्ष 2018 में यातायात पुलिस रायगढ़ द्वारा मोटरयान अधिनियम की धारा 185 के तहत शराब सेवन कर वाहन चालन करने वाले कुल 371 चालकों के विरुद्ध कार्यवाही किया जाकर मोटर सायकल को सुरक्षार्थ थाना परिसर में रखा गया था, जिसमें से 351 वाहन चालकों का प्रकरण निकाल किया जा चुका है। 1. MP 09 NE 0558 बजाज पल्सर 150, 2. CG13 UE 7403 टीवीएस स्पोर्ट्स, 3. CG13 ZE 7049 हीरो होंडा स्प्लेंडर, 4. OD 14 C 6948 पैशन प्रो हीरो , 5. CG 13 H 3540 सुजुकी 125, 6. UP 13 H 3572 कावासाकी बॉक्सर, 7. CG 13 F 7953 प्लैटिना बजाज, 8. CG 04 CD 0324 डिस्कवर बजाज, 9. CG 06 A 0539 स्प्लेंडर हीरो होंडा, 10. CG 10 EM 2935 स्प्लेंडर प्रो हीरो होंडा, 11. CG 13 ZE 4506 सीसी 100 एसएस हीरो होंडा, 12. CG 13 UA 2504 ड्रीम नियो होंडा, 13. SOLD पैशन प्लस हीरो मोटोकॉर्प, 14. SOLD सीडी 100 एसएस हीरो होंडा, 15. SOLD डीलक्स एचएफ हीरो मोटोकॉर्प, 16. SOLD सुपर स्प्लेंडर प्रो हीरो मोटोकॉर्प, 17. SOLD सीडी डॉन हीरो मोटोकॉर्प, 18. SOLD पल्सर बजाज 180, 19. SOLD स्कूटी प्लेजर हीरो, 20. SOLD कावासाकी बॉक्सर एएफ।


### ट्रक की ठोंकर से बाईक का चालक घायल, राइनो वाहन ने आहत को पहुंचाया अस्पताल

रायगढ़। 1 जनवरी की शाम करीब 16.47 बजे सारंगढ़ राइनो वाहन को लात नाला चौक पास दुर्घटना होने का इवेंट मिला। इवेंट पर सारंगढ़ राइनो स्टाफ शशिकांत चौहान और हरिलाल टंडन मौके पर पहुंचे जहां घायल अवस्था में पडा व्यक्ति ने अपना नाम गणेश राम सिदार पिता पीतरू राम उम्र 35 वर्ष निवासी धोबनीपाली थाना सरिया का रहने वाला तथा चंद्रपुर मंदिर दर्शन कर घर जाते समय ट्रक वाहन क्रमांक सीजी 13 AA 7599 का चालक तेजी एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाकर दुर्घटना कारित करने से चोट आना बताया। आहत को राइनो स्टाफ आरक्षकों के द्वारा चन्द्रपुर अस्पताल ले जाकर भर्ती कराया गया । घटना के संबंध में गुडेली में रहने वाले पुरन्दर सिदार उम्र 42 वर्ष द्वारा थाना सारंगढ़ में ट्रक के चालक के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कराया गया है, रिपोर्ट पर अप.क्र. 03/19 धारा 279,337 IPC पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# स्मार्ट कार्ड बनाने का काम ठप, नए पर सस्पेंस बरकरार

### आयुष्मान शुरू होने के बाद मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना का काम बंद

रायगढ़। पिछले छह माह से स्मार्ट कार्ड बनाने का काम ठप है। अब नए कार्ड को लेकर सस्पेंस बरकरार है। आयुष्मान योजना शुरू होने के बाद मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना ठंडे बस्ते में चली गई। विभाग की लापरवाही के चलते जिले में 30 हजार से ज्यादा लोगों का स्मार्ट कार्ड नहीं बन पाया है। इस बारे में अफसरों ने दलीलें दी, कहा राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना आयुष्मान में मर्ज हो गया है। इसलिए स्मार्ट कार्ड प्रदेश में कहीं नहीं बन रहा है।




मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना में एक परिवार को सालाना 50 हजार रुपए तक इलाज की सुविधा है। इस सुविधा से जिले के 40 हजार लोग अभी भी वंचित हैं। चुनावी साल होने के कारण छह माह पहले सरकार ने सुध ली और इसी के जरिए लोगों को अपने पक्ष में करने का असफल प्रयास किया गया। अप्रैल-मई 2018 में सारे ब्लॉकों में छूटे परिवार का स्मार्ट कार्ड बनाने शिविर लगाया गया। शिविर स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के जिम्मे छोड़ दिया गया था। इस कारण कार्ड बनाने में कोताही बरती गई। कुछ लोगों का कार्ड बनाकर कंप्यूटर, लेपटॉप आदि समेट लिया। उसके बाद से कार्ड बनाने का काम बंद है और विभाग भी इस योजना की तरफ मुंड़कर नहीं देखा है। मैदानी कर्मचारियों की हड़बड़ी का नतीजा यह हुआ कि गरीब तबके की एक बड़ी आबादी स्मार्ट कार्ड बनाने से वंचित हो गया। अब ये स्वास्थ्य विभाग और नगर निगम का चक्कर काटते फिर रहे हैं।

# साल दर साल बढ़ रही वाहनों की संख्या, साइलेंसर के धुएं वातावरण में घोल रहे है जहर

### ढाई साल बाद भी नही खुल पाया जिले में यातायात विभाग का प्रदुषण केंद्र

रायगढ़। जिले में औद्योगिकरण व वाहनों की संख्या के काफी तेजी से इजाफा हुआ है। यही वजह है कि जिले में प्रदूषण का स्तर बेलगाम हो गया है। जिला प्रदेश में तीसरा सबसे प्रदूषित शहर है। इसे कम करने के लिए यातायात विभाग को ढाई साल पहले प्रदूषण जांच केंद्र बनाया जाना था परंतु विभागीय उदासीनता से यह केंद्र नही खुल पाया है जिसका असर मोटरसाइकिल व कार के साइलेंसर से निकल रहे जहरीले धुंए से वातावरण में जहर घुल रहा है जिसका असर व्याप्त स्तर में नजर आ रहा है। मोटरसाइकिल व कार ट्रक वाहन की संख्या साल दर साल बढ़ रही है। गौरतलब है कि यातायात विभाग प्रदूषण जांच गाहे-बगाहे ही चलती है। यही वजह है कि वाहन चालक प्रदूषण की जांच नहीं कराते। जिले में नए 18 प्रदूषण जांच केंद्र खोला जाना था परंतु अधिकारियों के ध्यान नही दिए जाने से यह योजना खटाई में चली गई है। दूसरी ओर जिले में छोटी बड़ी सभी प्रकार की वाहनों की संख्या में साल दर साल बढ़ोतरी हो रही है। आलम यह है कि इनके जहरीले धुएं से जिले की आबोहवा प्रदूषण की मार के साथ लोगो के जनजीवन को प्रभावित कर रहा है।



## जहर पीड़िता ने इलाज के दौरान तोड़ा दम


### संजीवनी वाहन समय पर नही मिलने महिला की मौत का बना सबब

रायगढ़। खरसिया थाना क्षेत्र ग्राम बड़े डूमरपाली रहवासी अधेड़ महिला मिलनबाई ने जहर



सेवन कर आत्महत्या का प्रयास 1 जनवरी को सुबह 8 बजे की थी। इससे उसकी दशा बिगड़ गई थी वही शासन की महत्वकांक्षी योजना संजीवनी 108 वाहन समय पर नही मिलने से महिला की हालत और बिगड़ते चली गई जिसे परिजनों ने निजी वाहन की व्यवस्था कर मेडिकल कालेज अस्पताल इलाज के लिए लेकर आये है। वही महिला ने आज दोपहर 12 इलाज के दौरान दम तोड़ दी । परिजनों ने 108 व खरसिया अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप मढ़ा है।

## आठ साल बाद साढ़े चार लाख में मल्टी काम्प्लेक्स का ठेका




रायगढ़। शॉपिंग मॉल, फूड स्टॉल, रेस्टोरेंट से लेकर मेडिसिन और सुनियोजित पार्किंग की सुविधा के लिए रेलवे स्टेशन में बनाई गई मल्टी फंक्शनल कॉम्प्लेक्स का ठेका आखिरकार फाइनल हो गया है। बीते आठ से रेलवे और कांट्रेक्टर के बीच जारी तरकरार साढ़े चार लाख रुपए में खत्म हो गया। साल 2019 लगते ही रेलवे ने आनन-फानन में इस काम्प्लेक्स को शुरू करवाने घाटा और मुनाफा को नहीं देखा। अब ठेकेदार को भवन सौंपने की तैयारी में है।

बताया था कि रेट ज्यादा होने की वजह से ठेकेदार सामने नहीं आ रहे हैं। खबर प्रकाशित होने के बाद रेलवे ने ठेका के लिए टेंडर कॉल किया था। करीब साढ़े नौ लाख रुपए कॉम्प्लेक्स के लिए निर्धारित था, लेकिन रकम ज्यादा होने के कारण कोई भी ठेकेदार ने नहीं आजमाया। बाद में ठेकेदार जगन्नाथ मिश्रा ने साढ़े चार लाख का टेंडर भरा उसे रेलवे ने फाइनल कर दिया है। मालूम हो कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से मार्च 2019 तक सुविधाएं शुरू करने ठेकेदार को कहा गया है। 2009-10 के रेल बजट में मल्टी फंक्शनल कॉम्प्लेक्स पास हुआ था।

जरूरत की समानों के लिए यात्रियों को बाहर जाना न पड़े इस मकसद से कॉम्प्लेक्स को बनाया गया है। यात्रियों को ये सुविधाएं जल्द मिलनी शुरू हो जाएगी।

## सारंगढ़ के प्राचार्य पटेल को साल्हेओना स्कूल में किया गया संलग्न

रायगढ़। जिला शिक्षा अधिकारी आर. पी. आदित्य ने शास. बहु.उ.मा. विद्यालय सारंगढ़ के प्राचार्य एल.पी. पटेल के विरूद्ध प्राप्त शिकायत के आधार पर आगामी आदेश पर्यन्त विकासखण्ड बरमकेला के शास. हायर सेकेण्डरी स्कूल साल्हेओना में प्राचार्य के पद पर तत्काल प्रभाव से संलग्न किया है।

आगामी आदेश पर्यन्त प्राचार्य एस.एन. भगत को शास. बहु.उ.मा. विद्यालय सारंगढ़ का अतिरिक्त प्रसार सौंपा गया है।

उल्लेखनीय है कि प्राचार्य एल.पी. पटेल के विरूद्ध शाला विकास मद में अधिक राशि लिया जाना, अनावश्यक मदों में व्यय किया जाना, शाला संचालन पर नियंत्रण नहीं रखने एवं विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा प्राचार्य को हटाने हेतु बार-बार धरना प्रदर्शन एवं चक्का जाम करने से कानून व्यवस्था बिगडने की फलस्वरूप प्राचार्य एल.पी. पटेल शास.हायर सेकेण्डरी स्कूल साल्हेओना में संलग्न किया गया है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
**Social Justice Union**
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता** इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गर्वनिंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां** मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु** प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

**पीड़ित संपर्क करें** संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001
www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

**CAREER SCHOOL**
CAREER HINDI & ENGLISH MEDIUM SCHOOL
स्थापना दिनांक 1 जुलाई 1996
पिछले 22 वर्षो से लगातार बच्चों के साथ...
ADMISSION OPEN
ENGLISH MEDIUM
For Nuresery to 10th
Topper Students Last Session
Tarun 90% Yamini 98% Shraddha 93% Priyanka 96% Prerna 84% Hitendra 99% Akanksha 90% Geetanjali 99% Chetna 94% Arpita 93% Arpita 98% Rakesh 97% Sejal 88% Shiva 97%
Topper Students Last Session
Sushant 92% Prince 97% Kusum 98% Abhishek 99% Aayush 93% Prachi 97% Tulika 96% Pari 96% Aradhya 97% Ananya 99% Ashish 96% Ankita 99%
Join CAREER...



Major Facts
1/ Well Qualified Teachers....
2/ A perfact ratio of Techers and Students regarding classes...
3/ Complete Caring Atmosphere.
4/ Good and Equipped Class rooms....
5/ Value based education like daily classes for Logical Maths, G.K.,English Grammar....
6/ CCTV equipped School...
7/ Scientific and Cultural Activities Every Saturday....
8/ And above all Attention on Each and Every Student of the School....

CAREER SCHOOL
ENGLISH MEDIUM
BEHIND STADIUM STREET
RAIGARH C.G.
07762-221359

**तत्काल आवश्यकता है**
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

**ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग**
वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिंग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....
न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की
खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480